**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या-3**

**उत्तर देने की तारीख-04/12/2023**

**जबलपुर में नए केन्द्रीय विद्यालय**

***3. डॉ. ढालसिंह बिसेन:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान कितने केन्द्रीय विद्यालय खोले गए हैं और तत्संबंधी क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान जबलपुर, मध्य प्रदेश में खोले गए अथवा खोले जाने हेतु प्रस्तावित नए केन्द्रीय विद्यालयों का ब्यौरा क्या है और प्रस्तावित विद्यालयों के कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ग) क्या जबलपुर के बालाघाट संसदीय क्षेत्र में सिवनी जिले के बरघाट और बालाघाट जिले के तिरोड़ी में केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदाएं आदि जारी करने जैसी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं; और

(ङ) उक्त विद्यालयों के कब तक शुरू होने की संभावना है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**माननीय संसद सदस्य डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा 'जबलपुर में नए केन्द्रीय विद्यालय' के संबंध में दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 3 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख) केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों (अर्थात 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 और वर्तमान वर्ष 2023-24) के दौरान पूरे देश में सिविल/रक्षा/उच्च शिक्षा संस्थान/परियोजना क्षेत्र के तहत 73 नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोले गए हैं, जिनमें जबलपुर क्षेत्र के 03 केन्द्रीय विद्यालय भी शामिल हैं। इनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और केविसं क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक के रूप में संलग्न हैं।

(ग) से (ङ): नए केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक सतत प्रक्रिया है। के.वि. मुख्य रूप से पूरे देश में शिक्षा का एक सामान्य कार्यक्रम प्रदान करके रक्षा और अर्ध- सैन्य कर्मियों, केन्द्रीय स्वायत्त निकायों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केन्द्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए के.वि. खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिनमें मानदंडों के अनुसार नए के.वि. की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होगी। केविसं से प्राप्त सूचना के अनुसार बरघाट, सिवनी जिले और तिरोडी, बालाघाट जिले में नए के.वि. खोलने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। नए के.वि. की स्थापना से संबंधित ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं।

*****

**अनुलग्नक**

**माननीय संसद सदस्य 'डॉ. ढालसिंह बिसेन' द्वारा "जबलपुर में नए केन्द्रीय विद्यालय" के संबंध में दिनांक 04.12.2023 को पूछा जाने वाला लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 3 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**पिछले पांच वर्ष और मौजूदा वर्ष में खोले गए**
**केन्द्रीय विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण**

| वर्ष | क्र.सं. | राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र | क्षेत्र | क्र.सं. | केवि का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| **2018-19** | 1 | कर्नाटक | बेंगलुरु | 1 | विरुपापुरा गाँव, गंगावती तालुक, जिला। कोप्पल |
| | 2 | | बेंगलुरु | 2 | गौरीबिदानूर, जिला. चिकबलपुर |
| | 3 | | बेंगलुरु | 3 | बीआरबीएनएमपीएल, मैसूरु, कर्नाटक |
| | 4 | केरल | एर्नाकुलम | 4 | कोन्नी, जिला पथानामथिट्टा |
| | 5 | मध्य प्रदेश | जबलपुर | 5 | लखनादौन, जिला. सिवनी |
| | 6 | | जबलपुर | 6 | हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय |
| | 7 | राजस्थान | जयपुर | 7 | तिवरी, जिला. जोधपुर |
| | 8 | | जयपुर | 8 | पाली, जिला. पाली |
| | 9 | तेलंगाना | हैदराबाद | 9 | निज़ामाबाद, जिला. निजामाबाद |
| | 10 | | हैदराबाद | 10 | सिद्दीपेट, जिला. सिद्दीपेट |
| | 11 | बिहार | पटना | 11 | एनपीजीसीएल नबीनगर, जिला, औरंगाबाद |
| | 12 | उत्तर प्रदेश | आगरा | 12 | बावली, जिला. बागपत |
| | 13 | | आगरा | 13 | एसएसजी, सीआईएसएफ कैंप, ग्रेटर नोएडा |
| | 14 | मणिपुर | तिनसुकिया | 14 | चकपिकारोंग, जिला. चंदेल |
| | 15 | महाराष्ट्र | मुंबई | 15 | वाशिम, जिला. वाशिम |
| | 16 | | मुंबई | 16 | परभणी, जिला परभणी |
| **2019-20** | 1 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी | 17 | भदोही, जिला. भदोही |
| | 2 | | वाराणसी | 18 | मिर्ज़ापुर, जिला. मिर्जापुर |
| | 3 | | वाराणसी | 19 | कौहार, गौरीगंज, जिला. अमेठी |
| | 4 | | वाराणसी | 20 | आयर, जिला. वाराणसी |
| | 5 | | आगरा | 21 | रेलवे ईदगाह, जिला. आगरा |
| | 6 | | लखनऊ | 22 | 39वीं बटालियन एसएसबी गदनिया पलिया कलां जिला, लखीमपुर खीरी |
| | 7 | | लखनऊ | 23 | 59वीं बटालियन एसएसबी नानपारा, जिला. बेहराइच |
| | 8 | उत्तराखंड | देहरादून | 24 | खटीमा, जिला. उधम सिंह नगर |
| | 9 | छत्तीसगढ | रायपुर | 25 | जीसी सीआरपीएफ बिलासपुर, जिला। बिलासपुर |
| | 10 | | रायपुर | 26 | कोंडागांव, जिला. कोंडागांव |
| | 11 | जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू | 27 | जोधपुर, जिला. डोडा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 12 | दिल्ली | दिल्ली | 28 | डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय, प्रेसिडेंट इस्टेट, नई दिल्ली। |
| | 13 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 29 | गुनुपुर, जिला. रायगढ़ |
| | 14 | | भुवनेश्वर | 30 | आनंदपुर, जिला. क्योंझर |
| | 15 | असम | गुवाहाटी | 31 | 210 कोबरा, सीआरपीएफ बीएन दलगांव |
| | 16 | | गुवाहाटी | 32 | एन.एफ.रेलवे रंगपारा, जिला, सोनितपुर |
| | 17 | हरियाणा | गुरूग्राम | 33 | जीसी, सीआरपीएफ, सोनीपत, हरियाणा |
| | 18 | | गुरूग्राम | 34 | सीआरपीएफ कादरपुर, गुड़गांव |
| | 19 | आंध्र प्रदेश | हैदराबाद | 35 | कंदुकुर टाउन, जिला, प्रकाशम |
| | 20 | | हैदराबाद | 36 | इरलापाडु गांव, नाडेंडला, जिला, गुंटूर |
| | 21 | मध्य प्रदेश | जबलपुर | 37 | अनुपपुर, जिला, अनुपपुर |
| | 22 | | भोपाल | 38 | शामगढ़, जिला. मन्दसौर |
| | 23 | | भोपाल | 39 | आगर-मालवा, जिला. आगर-मालवा |
| | 24 | | भोपाल | 40 | अलीराजपुर, जिला. आलीराजपुर |
| | 25 | | भोपाल | 41 | सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर एबी रोड, नयागांव, ग्वालियर |
| | 26 | अरुणाचल प्रदेश | तिनसुकिया | 42 | दापोरिजो, जिला. ऊपरी सुबांसरी |
| | 27 | | तिनसुकिया | 43 | नामसाई जिला. नामसाई |
| | 28 | झारखंड | रांची | 44 | कोडरमा, जिला. कोडरमा |
| | 29 | | रांची | 45 | सराय केलाखरसावां, जिला सराईकेला |
| | 30 | राजस्थान | जयपुर | 46 | रेलवे कॉलोनी बांदीकुई, जिला. दौसा |
| | 31 | | जयपुर | 47 | प्रतापगढ़, जिला, प्रतापगढ़ |
| | 32 | तमिलनाडु | चेन्नई | 48 | उडुमलपेट, जिला, तिरुपूर |
| | 33 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 49 | एन.एफ.आर. न्यू जलपाईगुड़ी, जिला. जलपाईगुड़ी |
| | 34 | | कोलकाता | 50 | जीसी सीआरपीएफ सिलीगुड़ी जिला, दार्जिलिंग |
| | 35 | कर्नाटक | बेंगलुरु | 51 | रेलवे यशवन्तपुर, जिला, बेंगलुरु |
| | 36 | बिहार | पटना | 52 | आईआईटी पटना (बिहटा), जिला। पटना |
| **2020-21** | 1 | झारखंड | रांची | 53 | एसईआर डांगोआपोसी, जिला पश्चिमी सिंहभूम |
| | 2 | | रांची | 54 | पलामू, जिला, पलामू |
| | 3 | उत्तराखंड | देहरादून | 55 | 5वीं बटालियन एसएसबी चंपावत, जिला। चम्पावत |
| | 4 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 56 | मधुपुरी, जिला. फ़तेहपुर |
| | 5 | | लखनऊ | 57 | सुमेरपुर, जिला. हमीरपुर |
| | 6 | तमिलनाडु | चेन्नई | 58 | आईटीबीपी, इदियापट्टी, जिला। मदुरै |
| | 7 | | चेन्नई | 59 | आईटीबीपी शिवगंगाइलुपाइकुडी, जिला। शिवगंगा |
| | 8 | मध्य प्रदेश | भोपाल | 60 | आईआईटी इंदौर |
| | 9 | अरुणाचल प्रदेश | तिनसुकिया | 61 | केवी हायुलियांग जिला, अंजाव |
| | 10 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 62 | छतरपुर, जिला, गंजम |
| **2021-22** | 1 | कर्नाटक | बेंगलुरु | 63 | सदलगाह, जिला, बेलगावी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | पंजाब | चंडीगढ़ | 64 | आईआईटी रोपड़, जिला। रूपनगर |
| | 3 | हरयाणा | गुरूग्राम | 65 | बिलासपुर, जिला यमुनानगर |
| **2022-23** | 1 | त्रिपुरा | सिलचर | 66 | गोकुलनगर, जिला-सिपाहिजाला |
| | 2 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 67 | एमसीएल सुभद्रा क्षेत्र जिला- अंगुल |
| | 3 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 68 | एमसीएल जग्गन्नाथ क्षेत्र जिला- अंगुल |
| | 4 | ओडिशा | भुवनेश्वर | 69 | आईआईटी भुवनेश्वर, जिला-खोरधा |
| | 5 | हिमाचल प्रदेश | गुरूग्राम | 70 | धरमपुर जिला, मंडी |
| **2023-24** | 1 | गुजरात | अहमदाबाद | 71 | दीन दयाल पत्तन प्राधिकरण गांधी धाम, गुजरात |
| | 2 | अरूणाचल प्रदेश | तिनसुकिया | 72 | एनआईटी अरुणाचल प्रदेश, जोते जिला, पापुम पारे |
| | 3 | पंजाब | चंडीगढ़ | 73 | पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, घुद्दा, जिला बठिंडा |

*****